आपातकालीन घर प्रतिक्रिया सेवा

आपको अपने घर के बाहर सहायता के लिए 24 घंटे का आपातकालीन संचार लिंक प्रदान करती है। यह सेवा 2-तरह की आवाज संचार सिस्टम द्वारा प्रदान की जाती है जिसमें आधार इकाई और पहना जाने वाला एक सक्रियण उपकरण होता है, जो स्वचालित रूप से एक पेशेवर कर्मचारी सहायता केंद्र से जुड़ता है। सहायता केंद्र इस स्थिति का आकलन करता है और जब भी सक्रिय होता है एक उचित प्रतिक्रिया देता है।

अतिरिक्त सेवाएं और सहायता

CCP के अतिरिक्त अन्य सेवाएं क्षेत्र के आधार पर उपलब्ध हो सकती हैं। IDoA अनुवाद सेवाएं प्रदान करेगी और आपके व्यक्तिगत-केंद्रित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। आपका देखभाल समन्वयक आपके लक्ष्यों को पहचानने के लिए आपके साथ काम करेगा और आपको नीचे बताई गई अन्य उपलब्ध सेवाओं से जोड़ेगा;

- देखभाल सेवाएं
- पोते-पोती का पालन-पोषण करते दादा-दादी/ नाना-नानी
- घर पर डिलीवर करने वाले भोजन
- धन प्रबंधन
- वरिष्ठ साथी

अतिरिक्त जानकारी के लिए

कृपया विभाग से संपर्क करें या हमारी वेबसाइट पर जाएं।

www.illinois.gov/aging

बुढ़ापे पर विभाग
वन नेचरल रिसोर्स वे, #100
स्प्रिंगफील्ड, इलिनॉय 62702-1271

सीनियर हेल्पलाइन
1-800-252-8966 (टोल फ्री)
1-888-206-1327 (TTY)

सोमवार से शुक्रवार
सुबह 8:30 से शाम 5:00 बजे तक।
Aging.ilsenior@illinois.gov
@IllinoisDoA पर हमें फोलो करें

कार्यक्रमों में प्रवेश या कार्यक्रमों में रोजगार देने में या उचित राज्य और संघीय क़ानून के अनुपालन में होने वाली गतिविधियों में इलिनॉय का बुढ़ापे पर विभाग भेदभाव नहीं करता है। अगर आपको लगता है कि आपके साथ भेदभाव हुआ है तो 1-800-252-8966, 1-888-206-1327 (TTY) पर सीनियर हेल्पलाइन को कॉल करें।

Printed by Authority of the State of Illinois
IOCI 20-0451 12/19 15,000 copies

इलिनॉय राज्य
बुढ़ापे पर विभाग

सामुदायिक देखभाल कार्यक्रम

... अपने घर में स्वतंत्र रहे इसलिए बुजुर्गों को सशक्त बनाने के लिए उनकी मदद।

CCP Community Care Program

IDoA Illinois Department on Aging

सामुदायिक देखभाल कार्यक्रम (Community Care Program, CCP) क्या है?

यह कार्यक्रम इलिनॉय के अर्हता योग्य बुजुर्गों को, यदि उनकी पसंद अपने घर में ही रहना है तो उन्हें मदद देने हेतु और अनावश्य संस्थागतकरण नहीं करने के लिए सेवा और सहायता देता है।

क्या मुझे CCP सेवाओं के लिए भुगतान करना होगा?

नहीं, CCP सेवाओं के लिए आपकी जेब से आपको कोई लागत नहीं देनी होगी। CCU आपकी आवश्यकताओं और व्यक्तिगत-केंद्रित लक्ष्यों पर चर्चा करने और आपको यह चुनने में मदद करने कि आपके लिए कौन सी सेवाएं सही हैं, आपके घर पर एक देखभाल समन्वयक भेजेगा।

CCP के लिए कौन योग्य हो सकता है?

आप CCP सेवाओं के लिए योग्य हैं यदि:

- आपकी उम्र 60 या उससे अधिक है;
- आप व्यापक मूल्यांकन उपकरण के आधार पर शारीरिक रूप से सेवाओं और सहायता की आवश्यकता के लिए निर्धारित हुए हैं;
- आप इलिनॉय राज्य के निवासी हैं;
- आप या तो अमेरिकी नागरिक हैं या विशिष्ट श्रेणियों में से योग्य गैर-नागरिक हैं;
- आप परिसंपत्ति आवश्यकताओं को पूरा करते हैं; तथा
- आप आवेदन करने, और यदि योग्य पाया जाता है, तो वार्षिक आधार पर Medicaid लाभों के लिए नामांकन करने के लिए सहमत हैं।

प्रत्येक व्यक्ति अलग है, और विभिन्न सेवाओं को प्राप्त करने के लिए योग्य हो सकता है। आप किस योग्य हो सकते हैं यह देखने के लिए कृपया हमसे संपर्क करें।

मेरी योग्यता कौन निर्धारित करता है?

CCP सेवाओं के लिए आपकी योग्तायता निर्धारित करने के लिए स्थानीय देखभाल समन्वय इकाइयां (Local Care Coordination Units, CCU) एक मूल्यांकन पूरा करेगी। वे आपसे पूछेंगे कि आप किस प्रकार के कार्यों को अपने दम पर पूरा कर सकते हैं, आपको किस प्रकार की गतिविधियों के लिए सहायता की आवश्यकता है और आपके पास किस प्रकार की सहायता उपलब्ध है। यदि आप योग्य हैं, तो देखभाल समन्वयक आपके व्यक्तिगत-केंद्रित लक्ष्यों की पहचान करने और आवश्यक सेवाओं और सहायता की व्यवस्था करने के लिए भी आपके साथ काम करेगा।

मेरी योग्यता निर्धारण और मेरे व्यक्तिगत-केंद्रित लक्ष्यों की पहचान करने में कौन भाग ले सकता है?

आप व्यक्तिगत-केंद्रित योजना प्रक्रिया में भाग लेने के लिए और देखभाल समन्वयक को जानकारी प्रदान करने में आपकी सहायता करने के लिए किसी को भी शामिल कर सकते हैं।

यदि मैं CCP के लिए योग्यता प्राप्त करूं तो क्या होगा?

यदि आप CCP सेवाओं के लिए योग्यता प्राप्त करते हैं, तो देखभाल समन्वयक एक व्यक्तिगत-केंद्रित योजना बनाने, ऐसी सेवाएं स्थापित करने जो आपके लिए उपयुक्त हों, जिन्हें आप प्राप्त करने के लिए सहमत हुए हैं उसके लिए आपके साथ काम करेगा और सुनिश्चित करेगा कि ये सेवाएं आपकी आवश्यकताओं को पूरा करती रहें।

उपलब्ध सेवाएं और सहायता

घर में दी जाने वाली सेवाएं

घर में दी जाने वाली सेवाओं के प्रावधान में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किए हुए पर्यवेक्षकों की निगरानी में गैर-चिकित्सा सहायता प्रदान करती है। सेवाओं में शामिल हैं:

- चिकित्सीय अपोइंटमेंट और खरीदारी जैसे कामों के लिए साथ/परिवहन
- खुद से लेने वाली दवा मे सहायता करना
- एक लिखित विशेष पोषण आहार योजना का अनुसरण करना
- घर की सामान्य संभाल
- गैर-चिकित्सीय व्यक्तिगत देखभाल कार्यों
- भोजन तैयार करना
- घर के सामान्य हलके काम करना

प्रौढ़ दिन सेवा (Adult Day Service, ADS)

एक समुदाय-आधारित सेटिंग में प्रत्यक्ष देखभाल और पर्यवेक्षण की पेशकश करती है जो एक संरचित सेटिंग में व्यक्तिगत ध्यान और सामाजिक, शारीरिक और भावनात्मक कल्याण प्रदान करती है। परिवार की देखभाल करने वालों के लिए ADS राहत प्रदान करता है, विशेष रूप से जो घर के बाहर कार्यरत हैं, और अलग-अलग वयस्कों के लिए समाजीकरण करते हैं। सेवाओं में शामिल हैं:

- परिवहन के लिए व्यवस्था
- दैनिक भोजन मे सहायता
- दैनिक जीवन की गतिविधियों मे सहायता
- स्वास्थ्य-संबंधी सेवाओं मे सहायता

स्वचालित दवा डिस्पेंसर

दवा पालन में सुधार के लिए जिन्हें दवा लेने के रिमाइन्डर की आवश्यकता होती है एसे योग्य प्रतिभागियों के लिए उपलब्ध है। व्यक्तिगत उपयोग के लिए एक पोर्टेबल, यांत्रिक सिस्टम जिन्हें है जिसे श्रवण, दृश्य, या आवाज रिमाइन्डर के माध्यम से मुंह द्वारा दवा लेने या याद दिलाने के लिए प्रोग्राम किया जा सकता है।